आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 13.04.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित उत्तराखंड दौरा कल। दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे और टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का करेंगे लोकार्पण।
- प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनज़र देहरादून शहर में यातायात व्यवस्था में बदलाव। आमजन से निर्धारित डायवर्ट रूट का उपयोग करने की अपील।
- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में देहरादून में आयोजित दो दिवसीय नॉर्थ ज़ोन रीजनल कॉन्फ्रेंस संपन्न। वंचित वर्गों के अधिकार, पुनर्वास और न्याय व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर हुई चर्चा।
- देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित 9 दिवसीय 'दून पुस्तक महोत्सव 2026' सम्पन्न।

<u>प्रधानमंत्री उत्तराखंड दौरा</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल उत्तराखंड दौरे पर पहुंचेगे। इस दौरान वे दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे और टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। उनके आगमन को लेकर प्रदेश में उत्साह का माहौल है और सरकार तैयारियों में जुटी है।

**दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे करीब 213 किलोमीटर लंबा है और इसके निर्माण पर लगभग 11 हजार 963 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इस एक्सप्रेस वे में एशिया का सबसे लंबा वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर, एलिफेंट अंडरपास, सुरंग, पुल और इंटरचेंज जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जिससे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय करीब ढाई घंटे रह जाएगा।**

**वहीं, टिहरी में बनने वाला एक हजार मेगावाट क्षमता का वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र देश का पहला ऐसा संयंत्र है, जो अतिरिक्त विद्युत उत्पादन में सहायक होगा और इसे ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आका□ावाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से नि□ा भाटिया**

<u>यातायात व्यवस्था</u>

प्रधानमंत्री के देहरादून के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनज़र देहरादून शहर में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। गणेशपुर क्षेत्र में सड़क मरम्मत के चलते देहरादून–दिल्ली एक्सप्रेस वे को कल से ही यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। आमजन से अपील की गई है कि वे निर्धारित डायवर्ट रूट का उपयोग करें।

**यातायात पुलिस के अनुसार देहरादून से सहारनपुर, रुड़की और दिल्ली जाने वाले वाहन शिमला बाईपास, नयागांव रोड, धर्मावाला चौक और बेहट होते हुए अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। वहीं रिस्पना पुल, जोगीवाला, लालतप्पड़, रायवाला और हरिद्वार के रास्ते भी आवागमन किया जा सकेगा। दिल्ली और सहारनपुर से देहरादून आने वाले वाहनों को छुटमलपुर, बेहट, धर्मावाला और प्रेमनगर होते हुए शहर में प्रवेश दिया जाएगा।**

**गढ़ी कैंट के जसवंत ग्राउंड में होने वाले कार्यक्रम के लिए विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली बसों के लिए भी अलग–अलग रूट तय किए गए हैं, ताकि यातायात सुचारू बना रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान शहर के कई प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन लागू रहेगा।**

**यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए शहर में सेंट ज्यूड चौक, कार्गी चौक, लालपुल, बल्लीवाला अंडरपास, सर्किट हाउस तिराहा, कैंट चौक, दून स्कूल तिराहा और आईएसबीटी सहित कई स्थानों को मुख्य डायवर्जन पॉइंट बनाया गया है।**

**प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान इन व्यवस्थाओं का पालन करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।**

**आकाशवाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से अमित सुन्द्रियाल**

**निरीक्षण**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गढ़ी कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड और मां डाट काली मंदिर में स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, पेयजल, बिजली और स्वच्छता सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने और सभी एजेंसियों के बीच समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। साथ ही यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित रखने और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जसवंत ग्राउंड में मंच और दर्शक दीर्घा सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां की जाएं और साफ–सफाई व सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**भेंट**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से प्रख्यात फिल्म निर्माता–निर्देशक मधुर भंडारकर ने मुख्यमंत्री आवास में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी गंतव्य बनाने, निवेश बढ़ाने और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, विविध भौगोलिक परिस्थितियां और शांत वातावरण इसे फिल्म शूटिंग के लिए उपयुक्त बनाते हैं। सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को देश–विदेश के फिल्म निर्माताओं की पहली पसंद बनाना है। उन्होंने बताया कि राज्य की फिल्म नीति के तहत सब्सिडी, टैक्स छूट और अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से शूटिंग से जुड़ी अनुमतियों को सरल और समयबद्ध बनाया गया है।

श्री धामी ने कहा कि फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है और विभिन्न जिलों में लोकेशन बैंक तैयार किया गया है। इससे फिल्म निर्माताओं को अलग–अलग प्रकार की लोकेशन एक ही मंच पर उपलब्ध हो रही हैं।

इस अवसर पर मधुर भंडारकर ने उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता और अनुकूल वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यहां फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं हैं और उन्होंने भविष्य में राज्य में शूटिंग करने की इच्छा व्यक्त की।

**समापन**

देहरादून में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नॉर्थ ज़ोन रीजनल कॉन्फ्रेंस का समापन हुआ। सम्मेलन का विषय न्याय तक पहुंच को सशक्त बनाना रहा, जिसमें वंचित वर्गों के अधिकार, पुनर्वास और न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

समापन अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित उच्च न्यायालयों के न्यायमूर्तिगण और विधि विशेषज्ञ मौजूद रहे।

सम्मेलन में विभिन्न तकनीकी सत्रों के माध्यम से न्याय तक पहुंच को आसान बनाने और न्याय प्रणाली को अधिक सुलभ बनाने पर विचार–विमर्श किया गया। इस दौरान वन अधिकार अधिनियम, जेल सुधार, विचाराधीन बंदियों के अधिकार, एसिड अटैक पीड़ितों के पुनर्वास तथा महिलाओं और बच्चों के अधिकारों जैसे विषयों पर चर्चा हुई।
इस अवसर पर "न्याय मित्र पोर्टल" का शुभारंभ किया गया, जिसके माध्यम से आमजन ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकेंगे। साथ ही एक ई–बुकलेट का विमोचन भी किया गया।

**दून पुस्तक महोत्सव**

राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित 9 दिवसीय 'दून पुस्तक महोत्सव 2026' सम्पन्न हुआ। 4 अप्रैल से शुरू हुए इस महोत्सव में लगभग साढ़े तीन लाख पुस्तक प्रेमियों, विद्यार्थियों और आमजन ने भाग लिया, जो राज्य में बढ़ती पठन संस्कृति को दर्शाता है।

महोत्सव के तहत आयोजित 'दून लिट फेस्ट' में देश के विभिन्न साहित्यकारों और विशेषज्ञों ने समसामयिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान फिल्म निर्देशक इम्तियाज अली और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के सत्र युवाओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

महोत्सव में गढ़वाली और कुमाऊनी भाषाओं में 26 पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया, जिससे क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा मिला। वहीं 'बाल मंडप' में आयोजित गतिविधियों में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। स्टोरीटेलिंग, आर्ट–क्राफ्ट, पपेट मेकिंग और कम्युनिकेशन स्किल्स जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को रचनात्मक शिक्षा का अवसर मिला।

**मुलाकात / आमंत्रण**

चारधाम यात्रा में यात्रियों की संख्या सीमित न करने के राज्य सरकार के निर्णय का विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया है। चारों धामों से जुड़े तीर्थ पुरोहितों, होटल एसोसिएशन, ट्रैवल एजेंसियों और अन्य हितधारकों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया और कपाट खुलने के अवसर पर आमंत्रित भी किया।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए चारधाम यात्रा को अधिक सुगम और सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाएं सरकार की प्राथमिकता हैं और सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।
चारधाम यात्रा से जुड़े संगठनों ने कहा कि यह निर्णय आस्था, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला है, जिससे होटल, परिवहन और अन्य सेवाओं से जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने यात्रियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था को लगातार खुला रखने का आग्रह भी किया।

**क्रिकेट**

आईपीएल 2026 में कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। यह मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया, जहां मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।
पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाए। जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 222 रन ही बना सकी।
वहीं, इससे पहले दोपहर में खेले गए एक अन्य मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हराया। लखनऊ द्वारा दिए गए 165 रन के लक्ष्य को गुजरात ने 8 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।